तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, शुक्रवार 8 नवंबर 2024

14 कलेक्टर-एसपी ने किया कुसुमकसा के 70 सैनिकों व उनके ...

13 शहीदों के परिजनों ने सांसद भोजराज से की भेंट




## खबर संक्षेप

### भाठागांव (बी) में जनजातीय गौरव दिवस 13 को मुख्यमंत्री साय होंगे शामिल

**लाटाबोड़/बालोद/सिकोसा।** जनजातीय गौरव दिवस एवं कंवर



सम्मेलन का आयोजन 13 नवम्बर को स्कूल मैदान भाठागांव (बी) में दोपहर 1 बजे से किया जा रहा है। सरपंच संध्या दोषण साहू ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय होंगे, अध्यक्षता कंवर समाज के प्रदेश अध्यक्ष हरवंश सिंह मिरी करेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में उप मुख्यमंत्री एवं प्रभारी मंत्री विजय शर्मा सांसद कांकेर लोकसभा भोजराज नाग, विधायक गुण्डरदेही कुंवर निषाद, जिला भाजपा अध्यक्ष बालोद पवन साहू, पूर्व विधायक गुण्डरदेही वीरेंद्र साहू उपस्थित रहेंगे।

### समिति कर्मचारियों के बाद बैंक कर्मचारियों की हड़ताल आज से

**डौंडीलोहारा।** जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक कर्मचारी संघ प.क्र. 74 दुर्ग (छ.ग.) के आह्वान पर दुर्ग, बालोद एवं बेमेतरा के समस्त पर्यवेक्षक व समिति प्रबंधकों द्वारा 4 नवंबर से एक सूत्रीय मांगों को लेकर आंदोलन किया जा रहा है। आंदोलनकारियों का कहना है कि पर्यवेक्षकों को समिति प्रभार से मुक्त करने, एक समिति प्रबंधक, एक समिति प्रभार देने की एक सूत्रीय मांग पूरी नहीं होने पर 8 नवंबर से सभी कर्मचारी अनिश्चितकालिन हड़ताल पर चले जाएंगे।

### व्यापार : बीते साल की तुलना में इस वर्ष डेढ़ करोड़ रुपए ज्यादा की बिकी शराब

# दीपावली पर जिले के मदिराप्रेमी गटक गए 13 करोड़ 20 लाख रुपए की शराब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

दीपावली का त्यौहार रोशनी, खुशियों और नई उम्मीदों का प्रतीक माना जाता है, लेकिन इस साल जिले में शराब प्रेमियों ने एक नया रिकार्ड बना दिया। महज 5 दिन में जिले के शराब प्रेमियों ने तमाम देशी-विदेशी शराब दुकानों मे मिलाकर 13 करोड़ 19 लाख 35 हजार से अधिक की शराब गटक गए।

बीते साल की तुलना में इस साल लगभग डेढ़ करोड़ रुपए की अतिरिक्त कमाई आबकारी विभाग को हुई है। इस वर्ष त्यौहार पर हुई इतनी भारी खपत ने बताया कि आम जनता की आर्थिक कितनी मजबूत है, लेकिन इसने समाज के सामने बड़ा सवाल खड़ा कर दिया कि दीपावली जैसे साफ सुधरे त्योहार में भी इतनी मात्र में शराब का उपयोग क्या संदेश दे रहा है। सामाजिक दृष्टिकोण से देखा जाए तो यह चिंता का विषय बन गया है।



### कोचियों की रही चांदी

प्राप्त जानकारी के अनुसार शराब दुकानों से मदिरा प्रेमियों के अलावा शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में शराब की अवैध बिक्री करने वाले कोचियों ने थोक में शराब खरीदी थी, जो जिले में ही खपत हुई। त्यौहार के दौरान व उसके समाप्त होने के बाद भी शराब की अवैध बिक्री अधिक दामों में खूब की गई।

### शराब की भारी खपत से चिंता भी बढ़ी

त्यौहारों के मौके पर ऐसी भारी मात्रा में शराब की खपत ने जिले में सामाजिक और स्वास्थ्य से जुड़ी चिंताओं को भी जन्म दिया है। दीपावली जैसे पवित्र त्यौहार की आड़ में इस तरह की आदतों का बढ़ना चिंता का विषय है। समाज प्रमुखों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, सामाजिक चिंतकों को चाहिए कि त्यौहारों के दौरान लोगों में जागरुकता फैलाने के लिए विशेष अभियान चलाए ताकि वे जिम्मेदारी से त्योहार मना सकें और त्यौहार का मतलब शराब तक ही सीमित न रहे।

# राष्ट्रीय कुडो चैंपियनशिप में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करेंगी जिले की 8 खिलाड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



जिले के 08 खिलाड़ी राष्ट्रीय कुडो चैंपियनशिप में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करेंगे। 12 नवम्बर को होने वाली राष्ट्रीय कुडो चैंपियनशिप में बालोद जिले के 08 खिलाड़ियों चयन हुआ है। इनमें सम्मिलित होने रवीना साहू, भारती देशमुख, प्रज्ञा साहू, तुलेश्वरी साहू, विभा गावड़े, मीनाक्षी साहू, यश्विनी व ज्योति चक्रधारी दुर्ग से रवाना हुए।

खिलाड़ी अपना जौहर राष्ट्रीय स्तर पर दिखाएंगे। जिला खेल अधिकारी एवं युवा कल्याण बालोद पूजा बंसल ने बताया कि यह खेल भारत सरकार एवं छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है। इसमें खिलाड़ियों को आगे बढ़ने के साथ ही शासन से लाभ भी मिलेगा। बालोद जिले की टीम कोच रवीना साहू ने जिला प्रशासन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जिले से खिलाड़ियों को निरंतर आगे बढ़ाने का कार्य और हर संभव प्रयास खेल विभाग एवं जिला प्रशासन द्वारा किया जाता है, निश्चित रूप से आने वाले समय में खिलाड़ियों का भविष्य सुनहरा होगा। क्षेत्र के विधायक कुंवर निषाद, सिनियर मास्टर छेदीलाल साहू, डीजेंद्र कुर्रे, संजय पंडा ने इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त किया है।

# अज्ञात युवकों ने घर घुसकर किया हमला, महिला ने चाकू को पकड़कर बचाई जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही/जामगांव आर

- ग्राम जरवाय का मामला, शोर मचाने पर पकड़े जाने के डर से भागे आरोपी

ग्राम जरवाय अर्जुन साहू के निवास पर स्कूटी सवार अज्ञात लोगों ने पुत्र हेमशंकर साहू और पुत्रवधू लीना साहू पर चाकू से हमला कर दिया। हमला के दौरान लीना साहू ने चाकू को हाथ में पकड़कर अपना बचाव किया, जिससे चाकू से हाथ में चोट आई। पुलिस ने डाक्टरी जांच के लिए गुण्डरदेही भेजा। घटना के दौरान दोनों के चिल्लाने पर बदमाश भाग गए। पीड़ित हेमशंकर साहू ने बताया कि हमलावर अपने





आपको रोड पर काम करने वाला बताते हुए पाइप रखने के लिए घर के अंदर जगह मुआयना करने घुसे और चलते-चलते घर का पूरा हाल पूछा। जैसे उन्हें समझ में आया कि घर में केवल दो लोग ही हैं, उन्होंने अचानक चाकू से हमला कर दिया। हमलावर से हेमशंकर ने स्वयं को छुड़ाकर गांव की गली में आवाज लगाई। वहीं, लीना ने बचाव में चाकू को हाथ में पकड़ लिया, जिससे हाथ में गहरी चोट आई है। इस बीच ग्रामीणों से घिरने के डर से हमलावर भाग खड़े हुए। जिसकी फोटो भी खींची गई। पीड़ित ने प्रेस को फोटो उपलब्ध कराते हुए बताया कि 2 हमलावर घर के अंदर घुसे थे, जबकि 1 बाहर ही था। ग्रामीणों का दबाव बनने पर भाग खड़े हुए। मामले में रनचिराई पुलिस प्रधान उमा ठाकुर ने बताया कि 1 हमलावर कार वाले से लिफ्ट लेकर जामगांव आर की ओर भागा। कार के आगे स्कूटी चल रही थी। जैसे ही कार रुकी वह स्कूटी में अपने साथियों के साथ फरार हो गया।

## पाठक सूचना

बालोद जिले में **हरिभूमि** समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9425559113, 9425565082
दल्लीराजहरा - 9993246100

# DR. C.V. RAMAN UNIVERSITY

CVRU DR. C.V.RAMAN UNIVERSITY
Chhattisgarh, Bilaspur | AN AISECT GROUP UNIVERSITY

Approved by : PCI | AICTE | NCTE | BCI | UGC-DEB | Member of : AIU | Recognized by : UGC | A NAAC Accredited University

THE FIRST PRIVATE UNIVERSITY IN CHHATTISGARH ACCREDITED "A" GRADE BY NAAC




## दूरस्थ शिक्षा - प्रवेश प्रारंभ

FEATURES OF CVRU-CENTRE FOR DISTANCE EDUCATION

- All Procedures through ONLINE PORTAL
- Quality STUDY MATERIALS (SIM, SLM, e-LM) & Online Lectures
- Timely Conduct of Exams followed by Quick Results
- Remedial Classes/Contect Class/ Dout Clearing Class
- Enhancement in Skill based Education
- Bhartiya Gyan Parampara Kendra & Chhattisgarh shodh Evm Srijan Peeth
- Online Live Lectures & contents from MOOCS, SWAYAM, NPTEL
- Sustainable campus with Solar Energy resources & Energy Park
- Excellent indoor & outdoor Sports facilities
- (iTBI) inclusive technology business Incubator supported by DST Govt. of India
- Chhattisgarhi Lok Kala and Sanskriti Kendra & Chhattisgarhi Museum (Sanjohi)
- Strong Industrial linkage with National & MNC'S to ensure valuable opportunities for internships and job placements, enriching students' practical experiences.
- 150+ MoUs with national & international organizations and industry partners

Join New Age Degree Programmes

ACCREDITED WITH GRADE A NAAC

Admission Last Date 15th November 2024

Programmes Offered
MBA | BBA | B.Com | B.Lib

Admission Enquiry Call :
9302969342, 9617772312

HELP DESK FOR ENQUIRY

RAIPUR : 2nd Floor, "ACE Global" Opp. Minocha Petrol Pump, G.E.Road, Telibandha, Raipur - 492006, Chhattisgarh, Phone: +0771-6611111, 4022197, Mo. 9165550308
JAGDALPUR : 2nd Floor, Dubey Complex, Near Punjab Bhawan, Rautpara, Azad Chowk, Pandit Dindayal Upadhyay Ward, Jagdalpur: 494001, Distt: Bastar, (C.G.), Phone: 07782-225223, Mo. 9826882871, 7772044779
BHILAI : Near Ekta Park, Maitri Vihar, Radhika Nagar, Bhilai, District : DURG: 490020, CHHATTISGARH, Ph: +91-0788-2295617, 2294009, Mo. 7000718244
RAJNANDGAON : NH-6, GE Road Near Collectorate SBI Branch, Infront of Manokamna Bhawan, Shakti Nagar, Rajnandgaon: 491441, Chhattisgarh, , Phone: 91-07744-228568 Mo. 7828343001, 7000180528

Kargi Road, Kota, BILASPUR (C.G.), Ph. : 07753-253801, 07753-253851, 253872, 253873, E-Mail : info@cvru.ac.in, lsd@cvru.ac.in

AdPRAYAS

## खबर संक्षेप



### क्लबफुट का निशुल्क उपचार होगा आंबेडकर अस्पताल में

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में टेढ़े पैर के निशुल्क उपचार की शुरुआत डॉ.भीमराव आंबेडकर मेमोरियल अस्पताल में की गई। यह कार्यक्रम कोल इंडिया, क्योर इंडिया और आंबेडकर अस्पताल के हड्डी रोग विभाग द्वारा आयोजित किया गया। कार्यक्रम में क्लबफुट से पीड़ित 20 बच्चे, उनके माता-पिता और 30 मितानिन उपस्थित थे। विधायक पुरंदर मिश्रा एवं मुख्य अतिथि कोल इंडिया की रेणु चतुर्वेदी द्वारा बच्चों और मितानिनों को फुट एबडक्शन ब्रेस का निशुल्क वितरण और आशा कार्ड का वितरण किया गया। हड्डी रोग विभागाध्यक्ष डॉ. रविकांत दास, चिकित्सा अधीक्षक डॉ. संतोष सोनकर और सीएमएचओ डॉ. मिथिलेश चौधरी सहित ऑर्थोपेडिक एसोसिएशन के राज्य सचिव डॉ. अतिन कुंडू और प्रो.राजेंद्र अहिरे इस दौरान उपस्थित रहे।

### सामूहिक लोकनृत्य का आयोजन

**रायपुर।** उजियार संस्था द्वारा 9 नवंबर को टिकरापारा स्थित हरदेवलाला मंदिर परिसर में सामूहिक लोकनृत्य उजियार हमर चिन्हारी का आयोजन किया जा रहा है। इसमें बच्चों के लिए धान व बांस शिल्प कार्यशाला होगी। जिसमें रामकुमार पटेल, पाटन आर्ट गैलरी और चंद्रप्रकाश धान से बनाने वाली कलाकृति पर प्रतिभागियों को मार्गदर्शन देंगे। दूसरे चरण में ओपन माइक के माध्यम से युवा पीढ़ी को प्रतिभा निखारने का मौका मिलेगा। इसके साथ ही तीसरे चरण में सांस्कृतिक संझा में सभी युवा कलाकार मिलकर सामूहिक लोकनृत्य की प्रस्तुति देंगे। इसमें प्रतिभागी करमा, सुआ, पंथी, राउत नाचा में थिरकेंगे।

### पेंशनरों के लिए डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र अभियान शुरू

**रायपुर।** केन्द्र एवं राज्य सरकार की नौकरियों से रिटायर हुए कर्मचारियों को पेंशन मिलती रहे, उसके लिए प्रतिवर्ष नवंबर माह में पेंशनर को जीवन प्रमाण पत्र यानि लाइफ सर्टिफिकेट जमा कराना होता है। 80 साल और उससे अधिक उम्र के पेंशनरों की सहूलियत के लिए सरकार ने 1 अक्टूबर से ही जीवन प्रमाण पत्र जमा करने के लिए प्रक्रिया प्रारंभ कर दी है। इस संबंध में डाक परिमंडल के सहायक निवेशक ने बताया कि इंडिया पोस्ट पेमेंटस् बैंक ने 2020 में डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र बनाने की डोरस्टेप सेवा शुरू की थी। वर्तमान में इंडिया पोस्ट पेमेंटस् बैंक द्वारा पेंशन एवं पेंशनभोगी कल्याण विभाग के साथ मिलकर राष्ट्रव्यापी डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र अभियान 1 से 30 नवबंर तक चलाया जा रहा है जिसमें फेस ऑथेंटिकेशन तकनीक और फिंगरप्रिंट बायोमैट्रिक ऑथेंटिकेशन की सहायता से दूरदराज एवं ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले सभी पेंशनभोगियों और वरिष्ठ नागरिक पेंशन भोगियों को उनके घर-दरवाजे के सबसे नजदीक जीवन प्रमाण पत्र जमा करने की सुविधा प्रदान किया जा रहा है। इंडिया पोस्ट पेमेंटस् बैंक द्वारा यह सुविधा छत्तीसगढ़ के 134 उप डाकघरों एवं प्रधान डाकघरों में कैंप-शिविर के माध्यम से भी प्रदान की जा रही है। अधिक जानकारी के लिए अपने नजदीकी डाकघरों में संपर्क किया जा सकता है।

# एनपीए लिए बिना प्राइवेट प्रेक्टिस करने वाले डाक्टरों पर नहीं होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नॉन प्रेक्टिस अलाउंस का लाभ नहीं लेने वाले डाक्टरों पर प्राइवेट प्रेक्टिस करने पर कार्रवाई नहीं की जाएगी। उनके काम से अगर सरकारी व्यवस्था प्रभावित नहीं होती है, तो उन्हें प्रेक्टिस करने की छूट दी जाएगी। विभागीय सख्ती और मेडिकल कालेज के डाक्टरों के इस्तीफे के बीच भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ को स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने यह आश्वासन दिया है।

एनपीए लेने के बाद भी सरकारी के बजाए निजी अस्पताल के प्रति काम में ईमानदारी दिखाने वाले चिकित्सकों पर स्वास्थ्य विभाग सख्ती बरतने के मूड में है। ऐसे चिकित्सकों के साथ संबंधित निजी अस्पतालों को भी आयुष्मान योजना के तहत कार्रवाई का आश्वासन दिया है। मामला काफी गरमाया हुआ है और मेडिकल कालेजों में सेवा देने वाले संविदा डाक्टर इसके विरोध में नौकरी छोड़ने की चेतावनी दे रहे हैं। इस मामले में बुधवार को डाक्टरों के एक प्रतिनिधिमंडल ने भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष डा. विमल चोपड़ा के नेतृत्व में स्वास्थ्य मंत्री से मुलाकात की। इस दौरान उन्हें इस आदेश की वजह से चिकित्सकों को होने वाली परेशानी और वर्तमान स्थिति से अवगत कराया गया। स्वास्थ्य मंत्री ने उन्हें आश्वासन दिया है कि सख्ती एनपीए लेकर निजी अस्पतालों में सेवा देने वाले डाक्टरों पर की जा रही है। जो भत्ता नहीं लेते और उनके प्राइवेट प्रेक्टिस से सरकारी अस्पताल में व्यवधान नहीं हो रहा है, उन पर कार्रवाई नहीं की जाएगी और ऐसे अस्पतालों को भी इससे दूर रखा जाएगा। इसके अलावा चिकित्सकों का एक सलाहकार मंडल बनाया जाएगा, जो विभाग में समय-समय पर अपनी सलाह देगा। स्वास्थ्य मंत्री से मुलाकात करने वालों में डॉक्टर अखिलेश दुबे, डॉ प्रेम चौधरी, डॉक्टर अनिल कानावत, डॉ मनोज ठाकुर, डॉ आरआर वर्मा, डॉ किशोर सिन्हा एवं डॉक्टर अमित उपस्थित थे।

**स्वास्थ्य मंत्री का आश्वासन, भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ ने की मुलाकात**



### छह माह से भुगतान नहीं

चिकित्सकों ने स्वास्थ्य मंत्री को यह भी जानकारी दी कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य बीमा योजना के अंतर्गत अस्पतालों को 6 माह से भुगतान नहीं हुआ है। इसके कारण कई अस्पतालों की आर्थिक स्थिति खराब हो रही है। मंत्री ने भुगतान समयबद्ध तरीके से और पेंडिंग पेमेंट किस्तों में दिए जाने का आश्वासन दिया।

### बांड अवधि पर जल्द बैठक

डाक्टरों ने चिकित्सा विशेषज्ञ और चिकित्सा अधिकारियों की बांड अवधि के बारे में भी उनसे चर्चा की। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि इस मामले में मध्यावधि चुनाव के बाद चिकित्सा प्रकोष्ठ के साथ एक बैठक की जाएगी। इस दौरान नर्सिंग होम एक्ट के पालन और पेचीदगी पर भी चर्चा की जाएगी।


# चुनाव प्रचार में आई तेजी, भाजपा कांग्रेस के बड़े नेता मैदान पर उतरे

## सांसद बृजमोहन का सुनील सोनी के पक्ष में विशाल रोड शो

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर दक्षिण विधानसभा उप चुनाव के लिए मतदान की तारीख जैसे-जैसे नजदीक आ रही है, भाजपा और कांग्रेस ने अपना प्रचार तेज कर दिया है। विधानसभा क्षेत्र में दोनों पार्टियों के बड़े नेता रोड शो और सभाएं करने में जुटे हैं। भाजपा सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने रोड शो कर सभाएं ली। वहीं कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट ने दो जगह चुनावी सभा ली। चुनाव प्रचार को लेकर बुधवार से तेजी आ गई है। अब प्रचार थमने तक यह सिलसिला जारी रहेगा।

रायपुर सांसद एवं पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने बुधवार को शहीद ब्रिगेडियर उस्मान वार्ड और राजीव पाण्डेय वार्ड में रोड शो के जरिए जनसंपर्क अभियान चलाया। रोड शो की शुरुवात सिद्धार्थ चौक टिकरापारा हनुमान मंदिर से हुई। संतोषी नगर चौक-संजय नगर मेन रोड-राधाकृष्ण मंदिर से शासकीय स्कूल पहुंचा जहां रोड शो का समापन हुआ। रोड शो में मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, विधायक मोतीलाल साहू भी शामिल रहे। स्थानीय लोगों ने जगह जगह उनका गर्मजोशी से स्वागत किया और भाजपा प्रत्याशी सुनील सोनी को समर्थन देने का आश्वासन दिया। बृजमोहन अग्रवाल ने जनता को संबोधित करते हुए उनके निरंतर समर्थन के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा, जिस तरह आप सभी ने लगातार आठ बार मुझे विजयी बनाया, अब नौवीं बार सुनील सोनी को विजयी बनाने का आशीर्वाद दें। उन्होंने क्षेत्र के विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराते हुए जनता से अपील की है कि वे एकजुट होकर क्षेत्र की प्रगति में योगदान दें।





### जनता से आशीर्वाद मांगने आए हैं : महंत

नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने कहा कि दक्षिण की जनता ने 2023 के विधानसभा चुनाव में जो विधायक को जिताया था, वो कहां चले गये? वह विधायक बहुत अच्छे काम कर रहे थे, ऊपर भेज दिया, सांसद बना दिया गया और दक्षिण विधानसभा का सीट को खाली कर दिया। अब दक्षिण विधानसभा उप चुनाव के लिये भाजपा ने सुनील सोनी को टिकट दिया है, जिसके बारे में पूरी जनता जानती है। इस विधानसभा में आकाश जैसे युवा लड़का, काम करने वाला और काम को सुनने वाला युवा लड़का चाहिये, जिसके लिये जनता से आशीर्वाद मांगने आये हैं।



### पायलट बोले- एक विचारधारा को जिताने के बजाय विकास के लिए करें बदलाव

एआईसीसी महासचिव एवं छत्तीसगढ़ प्रभारी सचिन पायलट ने रायपुर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस प्रत्याशी आकाश शर्मा के पक्ष में दो सभाओं को संबोधित किया। चुनाव में जुटे कांग्रेस नेताओं की बैठक भी ली। चुनावी सभा को संबोधित करते हुये कहा, कांग्रेस ने आपकी भरोसे पर आकाश शर्मा को दक्षिण विधानसभा चुनाव में उतारा है। हम सब कांग्रेस के नेता आप लोगों से कांग्रेस प्रत्याशी आकाश शर्मा के लिये वोट मांगने आये हैं। ये चुनाव सरकार बनाने का चुनाव नहीं है। प्रदेश में सत्ता परिवर्तन का चुनाव नहीं है। ये चुनाव 30-35 साल से आप एक ही विचारधारा को जिताते आ रहे हैं, इस समय क्षेत्र के विकास के लिये आपको दक्षिण विधानसभा में बदलाव की जरूरत है।

#### भाजपा का सत्ता का घमंड

पायलट ने कहा, भाजपा सत्ता में आते ही घमंड में आ जाती है। चंद उद्योगपतियों को फायदा पहुंचाने के लिये हवाई अड्डा, देश की सरकारी संपत्तियां बेची जा रही हैं। 11 माह की सरकार में आदिवासियों के साथ, दलितों के साथ जो व्यवहार हुआ है, लूटपाट, चोरी डकैती, चाकूबाजी, सरेआम गोलीबारी हो रही है। जिनको आपने महापौर और सांसद के रूप में देखा है, निष्क्रिय रहे, लेकिन इस उपचुनाव में एक नये युवा चेहरे आकाश शर्मा को अवसर दें। सदन में आकाश शर्मा आपका वकील बनकर काम करेगा। पूरा भरोसा है आप नौजवानों को मौका देंगे।

### विकास दोगुनी तेजी से होगा : सुनील



भाजपा प्रत्याशी सुनील सोनी ने कहा, अपनों के बीच आशीर्वाद का सिलसिला जारी है, उपचुनाव में कमल खिलने के बाद विकास का सिलसिला भी दोगुनी तेजी से जारी रहेगा।

### सक्रिय विधायक चुनिए : आकाश



कांग्रेस प्रत्याशी आकाश शर्मा ने कहा, इस दक्षिण विधानसभा उपचुनाव में मौका देने के लिये सभी कांग्रेस नेताओं को धन्यवाद। ये चुनाव निष्क्रिय और सक्रिय के बीच हो रहा है। क्षेत्र की जनता मूलभूत समस्याओं से जूझ रही है। इस बार आप सक्रिय विधायक चुनिये।



## उपचुनाव : स्ट्रांग रूम की तैयारियों का जायजा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर दक्षिण विधानसभा उप चुनाव की तैयारियां जोरशोर से की जा रही हैं। इस कड़ी में बुधवार को सामान्य प्रेक्षक जी. रेखा रानी ने सेजबहार स्थित इंजीनियरिंग कॉलेज के स्ट्रांग रूम का निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा किया। इस दौरान सामान्य प्रेक्षक ने सुरक्षा सहित अन्य व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर अधिकारियों को निर्देशित किया कि मतदान सामग्री, बैलेट बाक्स की सुरक्षा पूरी तरह सुनिश्चित की जाए, ताकि चुनाव प्रक्रिया पारदर्शी और निष्पक्ष तरीके से संपन्न हो। रेखा रानी ने कहा कि चुनाव आयोग की सभी सुरक्षा मानकों के तहत स्ट्रांग रूम की निगरानी की जाएगी। इस दौरान नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा, उप जिला निर्वाचन अधिकारी उमाशंकर बंदे सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे। चालू माह की 13 तारीख को उपचुनाव के लिए मतदान होगा। चुनाव में इस बार भाजपा-कांग्रेस सहित विभिन्न दलों एवं निर्दलीय मिलाकर कुल 30 प्रत्याशी मैदान पर हैं।

# पिछली दीपावली से दोगुना बढ़ा हवा में प्रदूषण का स्तर, सुध लेने वाली एजेंसियां बेसुध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- पीएम 2.5 का स्तर 309 से 500, पीएम 10 का स्तर 190 से 500 पहुंचा




राज्य में वायु प्रदूषण में सबसे ज्यादा प्रदूषित शहरों में रायपुर टॉप पर है। दीपावली गुजर जाने के एक सप्ताह बाद भी हवा के स्तर में सुधार नहीं आया है। राजधानी में वायु प्रदूषण का स्तर 500 से 200 के बीच अटका हुआ है। पीएम 2.5 तथा पीएम 10 मानक स्तर से बहुत ज्यादा है। शहर के भीतरी इलाकों में प्रदूषण मापक यंत्र नहीं है। शहर के अंदरूनी इलाकों में वायु प्रदूषण मापक यंत्र लगे होने पर प्रदूषण का स्तर और ज्यादा होने की आशंका है।

भाठागांव स्थित इंटर स्टेट बस टर्मिनल में लगी मॉनिटर यूनिट में 1 नवंबर 2024 से 6 नवंबर 2024 तक पीएम 2.5 का स्तर क्रमशः 500, 448, 186, 226, 144 और 195 के अधिकतम स्तर पर दर्ज किया गया है, जबकि इसे 60 से अधिक नहीं होना चाहिए। इसी अवधि के दौरान पीएम 10 का स्तर क्रमशः 500, 412, 147, 135, 115 और 139 था, जबकि इसे 100 से अधिक नहीं होना चाहिए। इसी अवधि के दौरान, कार्बन मोनोऑक्साइड का स्तर स्वीकार्य अधिकतम सीमा से कई गुना अधिक है।

#### एलर्जी से लेकर कई बीमारियों से जूझ रहे लोग

पीएम 2.5 तथा पीएम 10 के मानक स्तर से ज्यादा होने की वजह से लोग सर्दी, जुकाम, एलर्जी से लेकर कई तरह की मौसमी बिमारियों से जूझ रहे हैं। ज्यादातर लोग इसे मौसमी बीमारी मानकर अनदेखी कर रहे हैं। चिकित्सकों के मुताबिक वायु प्रदूषित होने की वजह से अस्थमा, ब्रोंकाइटिस, हृदय रोग, फेफड़ों का कैंसर, प्रीमेच्योर्ड डिलीवरी और अन्य बीमारी होने का खतरा बढ़ जाता है।

# पीएम आवास शहरी के आवास दिसंबर तक करने होंगे पूरे, वर्ना नहीं मिलेगी अनुदान की रकम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के तहत स्वीकृत सभी मकानों को अगले महीने दिसंबर की 31 तारीख तक बनाकर पूरा करना होगा। अगर ऐसा नहीं किया गया, तो अधूरी परियोजना के राज्य सरकार द्वारा संबंधित नगरीय निकाय को वित्तीय अनुदान की राशि नहीं दी जाएगी।




यही नहीं, इसी योजना के एक घटक के तहत अधूरे यानी अप्रारंभ मकानों को 31 अक्टूबर तक बनाना शुरू करने के निर्देश थे, लेकिन जो मकान अब तक शुरू नहीं हो पाए हैं, उनके लिए कटौती प्रस्ताव शासन को देने कहा गया है। खास बात ये है कि यह कदम भारत सरकार के आवासन और शहरी कार्यमंत्रालय के निर्देश पर उठाए जा रहे हैं।

### ये है योजना के क्रियान्वयन की स्थिति

बताया गया है कि सितंबर तक की स्थिति में छत्तीसगढ़ में इस योजना अन्तर्गत कुल 2 लाख 24 हजार 310 आवास स्वीकृत हैं, जिनमें 1 लाख 63 हजार 939 आवास पूर्ण एवं 45 हजार 700 आवास प्रगतिरत हैं। इसी योजना के एक घटक भागीदारी में किफायती आवास निर्माण में झुग्गी, स्लम, गैर-स्लम में निवासरत पात्र हितग्राहियों के लिए निर्मित समूह आवासों में व्यवस्थापित किया जाता है। योजना अन्तर्गत कुल 40 हजार 503 आवास स्वीकृत हैं, जिनमें 20 हजार 99 आवास पूर्ण एवं 17 हजार 676 आवास प्रगतिरत हैं। यानी करीब साढ़े 17 हजार मकान नहीं बन पाए हैं।

### पांच हजार करोड़ से अधिक खर्च हो चुका

बताया गया है कि योजना के तहत स्वीकृत आवासों के लिए कुल 6696 करोड़ अनुदान राशि (केन्द्रांश एवं राज्यांश) स्वीकृत है। स्वीकृत राशि में से 5477 करोड़ राशि प्राप्त हुई है। प्राप्त राशि में से 5160 करोड़ का व्यय किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि हर गरीब का सपना होता है कि उनका स्वयं का आवास हो और हमारी सरकार इस दिशा में तेजी से काम कर रही है।

### ये है मामला

प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के अंतर्गत कम आय वाले लोगों के लिए केंद्र सरकार के केंद्रांश और राज्य सरकार के राज्यांश की राशि मिलाकर निकायों को दी जाती है। योजना के तहत स्वीकृत आवासों को 31 दिसंबर 2024 तक अनिवार्य रूप से पूरा करने के संबंध में समय समय पर आयोजित विभागीय समीक्षा बैठकों में निर्देश दिए जाते रहे हैं। अब खुद नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने कहा है की खेद का विषय है कि योजना की अवधि की समाप्ति के दो माह पहले तक भी निकायों द्वारा अप्रारंभ और अपूर्ण आवासों को पूरा करने में रुचि नहीं ली जा रही है।

## बिचौलियों पर रोक लगाने की जा रही कवायद

# शिविर केंद्र में पांच मिनट में बन रहा लर्निंग लाइसेंस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

परिवहन विभाग आरटीओ कार्यालय आकर लर्निंग लाइसेंस बनवाने वालों को बिचौलियों से बचाने त्वरित लाइसेंस बनाकर देने का काम कर रहा है। इससे मैन्युअल तरीके से लर्निंग लाइसेंस बनवाने वालों के लिए बड़ी राहत है। पिछले 10 महीने के भीतर चार हजार 950 लोगों ने लर्निंग लाइसेंस बनवाया है, जो पिछले वर्ष की तुलना में 27 प्रतिशत ज्यादा है। पिछले वर्ष दस महीनों में 3615 लोगों ने लर्निंग लाइसेंस बनवाया था।

परिवहन विभाग द्वारा जारी बयान के मुताबिक मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मंशानुसार जिला प्रशासन के शिविरों में भी लर्निंग लाइसेंस बनाने का काम किया जा रहा है। इससे ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को बड़ी राहत मिल रही है। शिविर में लर्निंग लाइसेंस बनाए जाने की वजह से ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को परिवहन कार्यालय का चक्कर लगाना नहीं पड़ रहा है। परिवहन विभाग के अफसरों ने शिविरों में लर्निंग लाइसेंस बनाए जाने से पारदर्शिता बढ़ने का दावा किया है।



### अवकाश के दिनों में भी लाइसेंस

अफसरों के अनुसार लर्निंग के बाद स्थायी लाइसेंस बनाने अभ्यर्थियों को सुबह 10 के पहले तथा शाम को पांच के बाद ट्रैक में प्रैक्टिस करने की सुविधा प्रदान की जा रही है। स्थायी लाइसेंस बनवाने वालों के लिए अवकाश के दिन शनिवार तथा रविवार को भी परिवहन कार्यालय खोले जाने की जानकारी परिवहन विभाग के अफसरों ने दी है। साथ ही स्थायी लाइसेंस बनवाने वालों को टेस्ट के पूर्व डेमो देने की सुविधा प्रदान की जा रही है। डेमो के बाद स्थायी लाइसेंस बनवाने वालों को टेस्ट देने में आसानी होती है।

### दिव्यांगों को टैक्स में छूट

परिवहन विभाग दिव्यांगों को भी छूट दे रहा है। दिव्यांगों से लाइफ टाइम टैक्स के रूप में 360 रुपए निर्धारित किया गया है। इसके साथ ही दिव्यांगों को जीएसटी में 10 प्रतिशत तथा सेस में एक प्रतिशत की छूट दी जा रही है। दस महीनों में 60 दिव्यांगों को ड्राइविंग लाइसेंस जारी किया गया है।

# अब एचओडी को केंद्रांश-राज्यांश की राशि निकालने का अधिकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

केंद्र प्रवर्तित योजनाओं के लिए केंद्र और राज्य सरकार द्वारा दिए जाने वाली अपने-अपने हिस्से की राशि को निकालने (विमुक्ति) का अधिकार अब विभागाध्यक्ष (एचओडी) को दिया गया है, लेकिन इसके साथ ही कुछ शर्तें भी रखी गई हैं। ये साफ किया गया है कि भारत सरकार द्वारा जारी केंद्रांश एवं अनुपातिक राज्यांश की राशि उसी समय विमुक्त की जाए, जब केंद्रांश की राशि मिल जाए। वित्त विभाग की सहमति के बिना राज्य की विमुक्ति न की जाए। खास बात ये कि अब 30 दिनों में राशि निकालनी होगी।

## 30 दिन में निकालनी होगी रकम

### जारी हुआ ये आदेश

राज्य सरकार के वित्त विभाग ने शासन के सभी विभागों, राजस्व मंडल बिलासपुर, सभी विभागाध्यक्ष, सभी संभागीय आयुक्त और कलेक्टरों को भेजे आदेश में 12 साल पहले जारी एक परिपत्र के हवाले से कहा है कि केंद्रीय, क्षेत्रीय, केंद्र प्रवर्तित तथा अन्य केंद्रीय सहायता प्राप्त योजनाओं में भारत सरकार से केंद्रांश प्राप्त होने पर केंद्रांश एवं आननुपातिक राज्यांश विमक्त करने के अधिकार सशर्त प्रशासकीय विभागों को प्रत्यायोजित किए जाते है, विमुक्ति की सहमति के लिए नस्ती वित्त विभाग को भेजने की आवश्यकता नहीं होती है। भारत सरकार द्वारा केंद्रांश जारी होने के 30 दिनों के अंतक केंद्रांश और राज्यांश की राशि एसएनए खाते में ट्रांसफर करना आवश्यक है। इसमें देरी होने पर केंद्रांश की राशि पर 7 प्रतिशत की दर से दांडिक ब्याज का प्रावधान है। अब इस प्रक्रिया में बदलाव करते हुए केंद्र प्रवर्तित योजनाओं के अंतर्गत प्राप्त आवंटन की त्वरित मुक्ति के लिए पीएफएमएस एसएनए, और पीएफएमएस एसएनए-एसीआरएसएच योजनाओं के लिए सरलीकरण करते हुए केंद्रांश और राज्यांश की विमुक्ति का अधिकार विभागाध्यक्ष को प्रत्यायोजित किया गया है। लेकिन इसके लिए कुछ शर्तें भी जोड़ी गई है। **ये है नई शर्तें** : शर्तों में ये कहा गया है कि पीएफएमएस एसएनए द्वारा केंद्र प्रवर्तित योजनाओं के अंतर्गत केंद्र शासन से राशि प्राप्त होने के 30 दिनों के भीतर केंद्रांश और आनुपातिक राज्यांश की राशि विमुक्ति की जाए।

## खबर संक्षेप

### चाकू रखकर घूम रहा माइकल गिरफ्तार

**रायपुर।** कमर में चाकू रखकर लोगों को आतंकित करने वाले माइकल उर्फ मुकेश धीवर को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी दलदल सिवनी इलाके में घटना को अंजाम देने की फिराक में घूम रहा था। थाने में सूचना आई थी कि पुरानी गंभीर घटना को अंजाम दे सकता है। सूचना पर पहुंची पुलिस को देखकर माइकल भागने लगा, जिसे घेराबंदी कर पकड़ा गया। उसके पास से धारदार चाकू बरामद किया गया है।

### युवक पर जानलेवा हमला, दो गिरफ्तार

**रायपुर।** रोहिणीपुरम इलाके में युवक पर जानलेवा हमला करने के मामले में डीडीनगर पुलिस ने एक नाबालिग सहित दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। घटना 1 नवंबर की रात करीब 8 बजे की है। प्रार्थी पार्श्वनाथ पांडेय ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि घटना के समय वह अपने दोस्त आकाश तिवारी के साथ स्कूटी से रोहिणीपुरम तालाब से लाखेनगर की ओर जा रहा था। इसी दौरान पीछे से एक स्कूटी में सवार तीन अज्ञात लड़के आए और बिना किसी वजह के प्रार्थी और उसके साथी आकाश को लकड़ी के डंडे व हाथ-मुक्का से मारपीट करने लगे। इस दौरान प्रार्थी के दोस्त शिवम दीवान ने बीचबचाव किया। इसके बाद लड़के वहां से भाग गए, लेकिन थोड़ी देर बाद तीनों वापस आए और उनमें से एक ने शिवम पर चाकू से कई बार हमला कर दिया। इससे उसकी जांघ, गला व चेहरे पर चोट आई है। पुलिस ने इस मामले में अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध अपराध दर्ज कर उनकी पतासाजी करते हुए कौशल चौहान निवासी खदान बस्ती डगनिया के साथ एक नाबालिग लड़के को गिरफ्तार किया है। आरोपियों का तीसरा साथी अभी फरार है।

### महाराष्ट्र मंडल का दिवाली मिलन समारोह 9 को

**रायपुर।** महाराष्ट्र मंडल में 9 नवंबर को छत्तीसगढ़ स्थापना दिवस और दिवाली पारिवारिक मिलन समारोह का आयोजन परंपरा से हटकर होगा। इस बार मनोरंजन की प्रस्तुतियों को जागरूकता एवं मार्गदर्शन वाले कार्यक्रमों से अपेक्षाकृत कम प्राथमिकता दी गई है। मुख्य समन्वयक श्याम सुंदर खंगन ने बताया कि हर बार नृत्य, संगीत, हास्य की प्रस्तुतियों वाले दिवाली पारिवारिक मिलन समारोह से बिल्कुल अलग आयोजन की रूपरेखा तय की गई है। कार्यक्रम की शुरुआत संत ज्ञानेश्वर स्कूल के प्रभारी परितोष डोनगांवकर के विशेष संबोधन से होगी, जिसमें हमारी लापरवाही और हड़बड़ी से होने वाले साइबर क्राइम की जानकारी दी जाएगी।

### निःशुल्क कोचिंग के लिए 20 तक आवेदन

**रायपुर।** राजीव युवा उत्थान योजना के तहत जिले के छात्रों को प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए निःशुल्क कोचिंग दिए जाने का प्रावधान है। इसमें सौ सीटों के लिए आवेदन मंगाया गया है। इसके लिए विद्यार्थियों को 20 नंवबर तक आवेदन करना होगा। इसमें अनुसूचित जाति के लिए 30, अनुसूचित जनजाति के लिए 50, अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए 20 सीट आरक्षित की गई है। इसके अलावा वर्गवार 33 फीसदी सीट महिलाओं के लिए आरक्षित की गई है। इसमें विद्यार्थियों को एक हजार रूपए स्कॉलरशिप देने का भी प्रावधान है।

**न्यायालय तहसीलदार डौंडी, जिला बालोद छ.ग.**

**-:: ईश्तहार ::-**

**क्रमांक/27/प्र./तह./2024 , डौंडी,**

**दिनांक 25/10/2024**

एतद् द्वारा सर्व साधारण जनता को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता हैं, कि कार्यालय कलेक्टर महोदय जिला बालोद के पत्र क्रमांक/7317/वरि.लि.1/2024 बालोद दिनांक 08/10/2024 के अनुसार आवेदिका श्रीमती देवबती सलामे पति स्व. रोहित कुमार सलामें जाति गोड़ निवासी अरजगुड़ा (बेलोदा) तहसील डौण्डी जिला बालोद द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है कि आवेदिका के पति रोहित कुमार सलामें पिता हिरामनसिंह सलामें कार्यालय सेनानी,प्रथम वाहिनी, छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल भिलाई के अंतर्गत आरक्षक के पद पर आरक्षक क्रमांक 135 के पद पर कार्यरत थे, जिनकी सेवाकाल के दौरान दिनांक 10.02.2024 को मृत्यु हो जाने के कारण उनके स्थान पर अनुकंपा नियुक्ति एवं पेंशन व अन्य सुविधाओं हेतु मृतक रोहित कुमार सलामें पिता हिरामन सिंह सलामें के वैध वारिसान प्रमाण पत्र मिलने बाबत आवेदन पत्र मय दस्तावेज कलेक्टर महोदय जिला बालोद के समक्ष प्रस्तुत किया गया है जो कि जांच एवं प्रतिवेदन हेतु प्राप्त हुआ है।

अतः उक्त आवेदन पत्र के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को दावा/आपत्ति हो तो वह अपना लिखित दावा/आपत्ति पेशी दिनांक 11/11/2024 तक इस न्यायालय में स्वयं या अपने मान्य अधिवक्ता के साथ उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

अतः आज दिनांक 25/10/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर के साथ उद्घोषणा जारी किया गया।

(मुहर) तहसीलदार
डौंडी, जिला-बालोद

## धान खरीदी : 11 नवंबर से शुरू होगा किसानों को टोकन वितरण

# समर्थन मूल्य पर सोसायटियों में धान खरीदी 14 से, तैयारियां प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जामगांव आर

इस वर्ष शासन द्वारा 14 नवंबर से 31 जनवरी 2025 तक किसानों का धान समर्थन मूल्य पर सोसायटियों के माध्यम से खरीदा जाना है। धान खरीदी को लेकर सेवा सहकारी समितियों में युद्धस्तर पर तैयारियां प्रारंभ हो चुकी हैं। धान तौलने के लिए इलेक्ट्रानिक कांटा, बोरा, टोकन और धान रखने के लिए चबूतरे पर भूसे की बोरियों की व्यवस्था की जा रही है। इसी तरह कभी अचानक वर्षा हो जाए, तो धान की सुरक्षा के लिए तालपत्री तैयारी व्यवस्था भी कर ली गई है। जिला सहकारी बैंक जामगांव आर शाखा प्रबंधक संतराम सेन ने बताया कि किसानों की समस्या निदान के लिए समिति प्रबंधक पूर्णतः सजग रहेंगे। वहीं उन्होंने बताया कि सेवा सहकारी अध्यक्ष संबंधी कोई भी आदेश प्राप्त नहीं हुआ है। बैंक शाखा प्रबंधक संतराम सेन ने बताया कि 14 नवंबर से 31 जनवरी 2025 तक धान खरीदी सोसायटियों में की जाएगी। इलेक्ट्रानिक काटा तौलने के लिए रेडी किए जा चुके है, किसानों को आधा नया आधा पुराना बोरा उपलब्ध कराए जाने की तैयारी सुनिश्चित की गई है। 11 नवंबर 2024 से टोकन वितरण प्रारंभ किया जाना है। सीमांत एवं लघु कृषक को 2 बार और बड़े किसानों को तीन बार टोकन सुविधा मिल सकेगी। जीपीएस वाली ट्रक ही सोसायटियों से धान परिवहन कर सकेंगे। किसान एक बार में सरना मोटा पतला तीनों किस्म का धान सोसायटी ला सकते हैं।



### स्वतंत्रता दिवस पर इन नेताओं ने किया था ध्वजारोहण

जामगांव आर सोसायटी में जममगांव आर भाजपा मंडल पूर्व महामंत्री भगवान सिंह चंद्राकर, बटरेल सोसायटी में किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष कमलेश साहू, भरर सोसायटी में मंडल महामंत्री राजेश बंछोर, कुम्हली सोसायटी में मंडल महामंत्री तेजेंद्र पिपरिया, सुरपा सोसायटी में युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष नारद साहू, बेलहारी सोसायटी में मंडल उपाध्यक्ष रूपसिंह सिन्हा से स्वतंत्रता दिवस पर उच्च स्तर से प्राप्त आदेश के अनुसार समिति प्रबंधकों ने ध्वजारोहण करवाया था। किंतु आदेश के अभाव में उन्हें सोसायटी अध्यक्ष की स्वीकार्यता नहीं दी गई।

**सोसायटियों में अनुभवी प्रबंधक सेवा के लिए तैयार :** लि केंद्रीय सहकारी बैंक जामगांव आर शाखा प्रबंधक संतराम सेन ने बताया कि जामगांव आर सोसायटी में प्रबंधक वीरेंद्र देशमुख, बटरेल सोसायटी में प्रबंधक ख़ुमेश वर्मा, भरर सोसायटी में प्रबंधक विनोद साहू और कुम्हली सोसायटी में प्रबंधक अतुल वर्मा की सेवाएं किसानों को उपलब्ध होंगी। उन्होंने बताया कि ये सभी प्रबंधक अनुभवी हैं, किसानों को कोई भी समस्या नहीं आएंगी। श्री सेन ने कहा कि किसान गत वर्ष भी प्रबंधकों से सेवाएं प्राप्त कर चुके हैं।

### सेवा सहकारी समितियों में अध्यक्ष की नियुक्ति नहीं

उधर, अभी तक सेवा सहकारी समितियों में अध्यक्ष की नियुक्ति शासन द्वारा नहीं किए जाने से तरह-तरह की चर्चा हो रही है। क्षेत्र के किसान स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सोसायटियों में ध्वजारोहण करने वाले नेताओं को ही सोसायटी अध्यक्ष समझ रहे थे, किंतु अभी तक कोई आदेश नहीं आने से स्थिति हास्यास्पद बनते जा रही है। वहीं, ध्वजारोहण करने वाले भाजपा नेता भी निरुत्तर हैं, बल्कि हैरान हैं कि धान खरीदी की अग्रिम तैयारी अधिकारियों ने ही पूरी कर ली, उन्हें किसी की भी जरूरत नहीं हुई। किसान कभी इन नेताओं के पास जब अपनी समस्या लेकर पहुंचते हैं, तो वो बगले झांकने लगते हैं, कि आखिर वे किस पद के हिसाब से अधिकारियों के समक्ष अपनी बात रखेंगे।

# जहर सेवन से मासूम की मौत





हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

■ इलाज के दौरान 6 नवंबर को 7 साल के जागेंद्र की मौत

जिले के ग्राम कुरदी में बीते दिनों हुए जहर कांड मामले में एक दुखद खबर सामने आई है। दरअसल बीते 10 दिनों से जिंदगी और मौत के बीच जंग लड़ रहे दो सगे भाई-बहनों में से भाई की इलाज के दौरान 6 नवंबर की देर रात मौत हो गई है।

बताया जा रहा है कि छोटी बहन के स्वास्थ्य में सुधार हो रहा है। 7 नवंबर को 7 साल के मासूम बालक जागेंद्र साहू का गांव के मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार किया गया। उल्लेखनीय है कि अर्जुन्दा थाना क्षेत्र के ग्राम कुरदी में 28 अक्टूबर को सुबह घरेलू विवाद के कारण एक महिला डुमेश्वरी साहू ने अपने 7 और 4 साल के दो मासूम बच्चों को कीटनाशक दवाई पिलाकर खुद दवाई पी ली थी। उसके बाद तीनों को अर्जुन्दा स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां से गंभीर हालत को देखते हुए महिला को मेडिकल कॉलेज राजनांदगांव में तो वहीं दोनों बच्चों को एम्स हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। महिला डुमेश्वरी साहू की 29 अक्टूबर को इलाज के दौरान मौत हो गई, जबकि जिंदगी और मौत के बीच जंग लड़ रहे 7 साल के बालक जागेंद्र साहू भी 6 नवंबर को जिंदगी की जंग हार गया।

# कलेक्टोरेट बिल्डिंग में सफाई का अभाव, पसरी गंदगी

**रायपुर।** कलेक्टोरेट बिल्डिंग में नियमित सफाई नहीं होने के कारण फैली गंदगी से अब हर कोई परेशान है। तीन मंजिला बिल्डिंग के ग्राउंड फ्लोर के 21 नंबर कक्ष के बगल सीढ़ियों के नीचे से लेकर सेकंड फ्लोर की सीढ़ियों तक जगह-जगह गंदगी पसरी हुई है। गंदगी के अलावा कई जगहों पर कंडम फर्नीचर पड़े हुए है, जिसके कारण सीढ़ियों से आना-जाना करने वाले कर्मचारियों सहित आम लोगों को भारी बदबू से परेशान होना पड़ता है।

# कन्यादान से मिलता है पुण्य : पं सौरभ



**अंडा।** ग्राम अंडा में श्री शिव महापुराण कथा का आयोजन किया जा रहा है। कथा के चौथे दिन कथावाचक पंडित सौरभ शर्मा ने बताया कि किस प्रकार महादेव भक्तों के केवल हर हर शब्द से ही दुखों का निवारण कर देते हैं। इसलिये उन्हें अवघड़ कहा जाता है, जो सोचकर देते हैं उन्हें देव कहते हैं जो बिना सोचे दे उन्हें महादेव कह देते हैं। विषमता में समता ही महादेव हैं। आप देखे होंगे सर्प महादेव के साथ रहते हैं। मूसक गणेश जी के साथ रहते हैं। दोनों में विषमता है। माँ सिंह पर बैठती हैं शंकर जी नन्दी पर बैठते हैं, फिर भी दोनों का सामंजस्य बहुत बढ़यिा रहता है। प्रवचनकर्ता पण्डित सौरभ शर्मा ने कहा कि जीवन में कितनी भी विपरीत परिस्थिति हो, मन को कभी कमजोर नहीं करना चाहिए। शिव-पार्वती विवाह की कथा सुनाते हुए उन्होंने कहा कि कन्यादान से पिता को बहुत पुण्य मिलता है।

# तहसील कार्यालय में कचरे की तरह पड़े है मतदाता फार्म

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

■ रखरखाव के अभाव में खराब हो रहे प्रारूप फार्म



मतदाता सूची में नाम जोड़ने, हटाने एवं संशोधित कराने के लिए आवेदन के रूप में मतदाता प्रारूप फार्म की आवश्यकता पड़ती है। मतदाता इस फार्म को भरकर ऑफलाइन जमा करता है या फिर ऑनलाइन आवेदन करते समय अपलोड करता है। लोकसभा चुनाव 2024 के दौरान निर्वाचन आयोग द्वारा जिला प्रशासन के माध्यम से तहसील कार्यालयों को भी ये फार्म थोक में उपलब्ध कराए गए थे, ताकि वहां पहुंचने वाले मतदाता आसानी से फार्म लेकर तुरंत वहां आवेदन कर सकें, लेकिन चुनाव खत्म होने के बाद भी लाखों की संख्या में ये फार्म बच गए हैं, जो रखरखाव के अभाव में अब खराब हो रहे हैं। तहसील कार्यालय के कक्ष क्रमांक-7 मीटिंग हॉल में ये फार्म बंडलों में पिछले कई महीनों से कचरों के ढेर की तरह डंप पड़े हुए हैं। इनमें हजारों फार्म फट चुके हैं, वहीं कई बंडलों में धूल की परत तक बैठ चुकी है, जिसके कारण खराब हो रहे हैं। इधर इस मामले में तहसील कार्यालय के जिम्मेदार अधिकारी का कहना है कि इसकी जानकारी उन्हें नहीं है।

लोकसभा चुनाव के दौरान तहसील कार्यालय के मीटिंग हॉल में नया नाम जोड़ने, हटाने एवं संशोधन आदि कराने की सुविधा मतदाताओं को देने के लिए कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई थी। यह व्यवस्था विधानसभा चुनाव के दौरान भी की गई थी। इस व्यवस्था के तहत इस मीटिंग हॉल में सातों विधानसभा क्षेत्र के मतदाताओं के लिए अलग-अलग टेबल लगाया गया है, जिसमें बैठे कर्मचारी मतदाताओं की मदद करते और संबंधित प्रारूप फार्म को भराकर जमा कराते थे, ताकि जल्द से जल्द उन्हें उनका वोटर आईडी कार्ड भी मिल सके। विधानसभा चुनाव से की गई यह व्यवस्था अभी भी जारी है।

# शहीदों के परिजनों ने सांसद भोजराज से की भेंट



**अंडा।** बालोद जिले की अर्जुंदा तहसील अंतर्गत ग्राम देवगहन 18 शहीदों की प्रतिमाएं स्थापित की गई हैं। उनका अनावरण मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से करवाने की तैयारी की जा रही है। इस संबंध में शहीद के पिता एवं धर्मपत्नी ने कांकेर सांसद भोजराज नाग से उनके निवास में बुधवार को मुलाकात की।

लोकेंद्र साहू ने बताया कि कारगिल युद्ध में शहीद दुर्वासा निषाद के पिता मुन्नीलाल निषाद एवं शहीद गजरूराम मंडावी (खैरबना) की धर्मपत्नी रामयारी मंडावी ने सांसद श्री नाग से इस विषय में शीघ्र पहल कर शहीदों को सम्मान दिलाने के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से सौजन्य मुलाकात करवाने का आग्रह किया। उल्लेखनीय है कि ग्राम देवगहन के किसान लोकेंद्र साहू ने स्वयं 10 लाख रूपए की लागत से देवगहन-सिकोला सड़क किनारे खेत में 18 शहीदों जवानों की प्रतिमा लगवाई हैं। साथ ही शहीद गार्डन बनवाया है। इन जवानों ने छत्तीसगढ़ में नक्सल हमला, कारगिल युद्ध, गलवान घाटी, सियाचिन ग्लेशियर, पुलवामा हमला, मुंबई 26/11 हमले में देश की सुरक्षा करते हुए वीरगति को प्राप्त किया है।

# दादी की बैट से पिटाई, बुजुर्ग महिला ने रिपोर्ट करने से किया इनकार

**रायपुर।** पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र का सोशल मीडिया में एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें पोता अपनी दादी की क्रिकेट बैट से बेपहमी से पिटाई करते दिख रहा है। दादी दर्द से कराह रही है, बावजूद इसके पोता अपनी दादी की पिटाई कर रहा। पिटाई से बुजुर्ग महिला का हाथ सूज गया है। वीडियो वायरल होने के बाद बुजुर्ग महिला का पोता तथा घर के अन्य सदस्य घर बंद कर फरार हो गए। घटना अमरपुरी इलाके की है। जानकारी के मुताबिक गंगाबाई देवांगन अपने बेटे बहू के साथ रहती है। गंगाबाई का अपनी बहू के साथ किसी घरेलू बात पर विवाद हो गया। इसकी खबर गंगाबाई के पोते विशाल देवांगन को लगी। विशाल ने गुस्से में आकर अपनी दादी की बेरहमी से पिटाई कर दी। गंगा बाई के मुताबिक उसके पोते ने उसकी चप्पल से भी पिटाई की है। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस गंगा बाई के घर पहुंची। पुलिस के पहुंचने पर दर्द से कराहती महिला ने अपने पोते या घर के किसी सदस्य के खिलाफ किसी तरह की रिपोर्ट करने से इनकार कर दिया। बुजुर्ग महिला का कहना है कि पोता आखिर उसका ही खून है, वह अपने पोते को जेल भेजकर कैसे सुकून से रह सकती है।

# पति-पत्नी ने लिया देहदान का फैसला

## चिकित्सालय महाविद्यालय राजनांदगांव पहुंचकर भरा फार्म

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

शिक्षा के साथ समाज सेवा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में काम करने वाले एक दंपति ने अब देहदान करने का भी फैसला लिया है। इस संबंध में उन्होंने भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई स्मृति चिकित्सालय महाविद्यालय राजनांदगांव पहुंचकर शरीर रचना विभाग में मृत्यु उपरांत शरीर दान करने के लिए घोषणा पत्र (वसीयतनामा) भरकर जमा कर दिया है।

बालोद की बेटी कुर्मी पारा निवासी कादम्बिनी लोकेश पारकर यादव ने 6 नवंबर को जन्मदिन पर 40 वर्ष की आयु में स्वयं और उनके पति ने भी देहदान करने का फैसला लिया। दोनों ने राजनांदगांव जाकर देहदान के लिए घोषणा पत्र भरा। उनके पति लोकेश कुमार पारकर जिला रायपुर के अभनपुर विकासखंड में गोबरा नवापारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में असिस्टेंट मेडिकल ऑफिसर के पद पर हैं, वहीं स्वयं कादम्बिनी यादव बालोद जिले में डौंडी लोहारा ब्लॉक के बड़गांव हायर सेकेंडरी स्कूल की व्याख्याता हैं।



### मृत्यु के बाद जला दिया जाता है शरीर

दंपती ने कहा कि मृत्यु के बाद शरीर को जला दिया जाता है, जो फिर किसी काम का नहीं आता। इसलिए दोनों ने देहदान करने का फैसला लिया, ताकि मेडिकल की पढ़ाई करने वाली युवा पीढ़ी उनके मृत शरीर पर अध्ययन करके आने वाले समय में समाज सेवा कर सके और दूसरे भी उनके इस कदम से प्रेरित हों। उन्होंने अपील भी की कि हर व्यक्ति को देहदान करना चाहिए।

### तरौद निवासी पूर्व विधायक स्व. लोकेंद्र यादव से मिली प्रेरणा

कादम्बिनी लोकेश पारकर यादव ने बताया कि पूर्व विधायक स्व. लोकेंद्र यादव जो कि रिश्ते में बड़े भाई थे, उनके 8 अप्रैल 2013 को निधन होने पर उनके शव को भी रायपुर मेडिकल कॉलेज ले जाया गया था। ये सब मेरे सामने ही हुआ। उनको अंतिम विदाई दी गई तो उसी समय से ही मन में देहदान करने की इच्छा जागी थी। विवाह के बाद स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत पति की प्रेरणा और शक्ति से और इस सपने को बल मिला और पुण्य कार्य करने का अवसर अपने जन्मदिन पर चुना। इसी तरह उनके पति डॉ लोकेश पारकर का कहना है कि वह स्वास्थ्य विभाग से जुड़े हुए हैं, देहदान के प्रति उनकी रुचि शुरुआत से थी। स्वयं भी अपनी पत्नी के साथ मिलकर देहदान के लिए घोषणा पत्र भरा और वो अन्य को भी देहदान करने प्रेरित करते हैं। इस निर्णय पर कलेक्टर बालोद ने उनका सम्मान भी किया गया।

Gomti THRESHERS
किसान की पसंद
6&7 फेन
बुकिंग प्रारंभ
पैडी मल्टीक्राप थ्रेशर
7 पंखों वाला थ्रेशर मात्र 2 लाख से प्रारंभ
4 चक्का एवं 2 चक्का ट्राली भी उपलब्ध
पैरा दूर फेंके
उत्तम धान निकासी
शून्य रखरखाव
एक्सचेंज एवं फाईनेंस सुविधा उपलब्ध
गोमती एग्रो इण्डस्ट्रीज, रायपुर (छ.ग.)
8819840000

Health Town

K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुवैद, स्वथ्य जीवन का राज)
वैद्य- डॉ. पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob: 9111922122, 9111912122, 0771-3558564
पता :- B-22, जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

Trust the Expert
DR. MANOJ AGARWALA'S SKIN & HAIR CLINIC
डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर)
(गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
सेवाएं
मुहांसे ❖ सोरायसिस ❖ स्किन एलर्जी ❖ पिगमेंटेशन
विटिलिगो/ ल्यूकोडरमा ❖ पीआरपी थेरेपी ❖ एलोपेसिया
अर्टीकेरिया ❖ फंगल इनफेक्शन ❖ टेली कंसलटेशन ❖ लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छ.ग.)
0771-4003777, 77778-76292

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### जरवाय में धूमधाम से मनाया गया मातर उत्सव

**गुण्डरदेही।** ग्राम जरवाय में मातर उत्सव के अवसर पर ग्रामवासियों के सहयोग से जरवाय के सरपंच जनक साहू व मोनू सेन के तत्वावधान में सांस्कृतिक कार्यक्रम ममता सिंदे कृत सुर संझा की प्रस्तुति हुई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व सांसद प्रतिनिधि थानसिंह मंडावी थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम पटेल नरेन्द्र साहू ने की। विशेष अतिथि सरपंच जनक साहू, मोनू सेन, घनाराम साहू थे। इस अवसर पर श्री मंडावी ने कहा कि छत्तीसगढ़ की संस्कृति एवं परम्परा को बनाए रखने तथा भाईचारा व समरसता बढ़ाने में इस तरह के कार्यक्रमों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है।

### स्वच्छाग्रही महिलाओं को भेंट की गई सामग्री



**गुरूर।** ग्राम पंचायत बड़भूम में स्वच्छाग्रही नवज्योति स्व सहायता समूह की महिलाओं को फावड़ा, कुदाल, ग्लब्स, टोपी, सिटी, जूता, धमेला, बेलचा, हंसिया एवं पंछा सरपंच बल्लाराम कुंजाम ने प्रदान किया। इस अवसर पर समूह की सरस्वती निषाद, राजिम कुरैटी, अलोतिन कुरैटी, उर्मिला परचापी, अंबिका भास्कर, पद्मनी भास्कर, पूर्णिमा कोमरे उपस्थित थे।

### तहसील सतनामी समाज अर्जुन्दा की बैठक 10 को

**अर्जुन्दा।** तहसील सतनामी समाज अर्जुन्दा की बैठक 10 नवंबर को 12 बजे मंगल भवन अर्जुन्दा (मिनीमाता चौक) में आयोजित की गई है। बैठक में समस्त ग्राम के पदाधिकारी, तहसील पदाधिकारी, भंडारी, साटीदार व ग्रामीण अध्यक्ष की उपस्थिति अनिवार्य है। बैठक में दीपावली मिलन कार्यक्रम एवं अठगवां समाज निर्माण के साथ ही अन्य विषयों पर भी चर्चा की जाएगी।

### पीपरछेड़ी में सुआ नृत्य प्रतियोगिता 10 को

**अंडा।** पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू के मार्गदर्शन में आदर्श मित्र मंडल द्वारा समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से एक दिवसीय सुआ महोत्सव का आयोजन 10 नवंबर को ग्राम पीपरछेड़ी में किया गया है। आयोजन में दुर्ग ग्रामीण विधानसभा की कई टीमें हिस्सा लेंगी। इसके तहत सुआ गायन व नृत्य प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार के रूप में 10001 रूपए प्रदान किए जाएंगे। इसी तरह द्वितीय पुरस्कार 7001 रूपए, तृतीय 5001, चतुर्थ 3001 तथा पंचम पुरस्कार 2001 रूपए रखा गया है। वहीं, रिकार्डिंग सुआ नृत्य प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 7001 रुपए, द्वितीय 5001, तृतीय 3001, चतुर्थ 2001 और पंचम पुरस्कार 1001 रुपए रखा गया है। कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह 11 बजे होगा, जिसके मुख्य अतिथि दुर्ग लोकसभा सांसद विजय बघेल होंगे, अध्यक्षता विधायक दुर्ग ग्रामीण ललित चंद्राकर करेंगे। वहीं, समापन कार्यक्रम में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू सहित अनेक जनप्रतिनिधि शामिल होंगे।

### सहायक उप निरीक्षक सोनकर लाइन अटैच

**भिलाई।** संतोषप्रद काम नहीं होने से आईजी रामगोपाल गर्ग ने खुर्सीपार में पदस्थ सहायक उप निरीक्षक करण सोनकर को लाइन अटैच किया है। आईजी के निरीक्षण के दौरान अनुविभाग के अधीनस्थ सभी थानों के लंबित अपराध, मर्ग और चालान मामलों की समीक्षा की गई। निरीक्षण में थाना खुर्सीपार में लंबित अपराध की विवेचना में सहायक उप निरीक्षक करण सोनकर की कार्यप्रणाली संतोषप्रद नहीं पाई गई। उनका रवैया कार्य के प्रति उदासीन प्रतीत होने से खुर्सीपार से उसे हटाकर पुलिस लाइन दुर्ग में पदस्थ किया गया है।

सभी बीमारियों में तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी (छ.ग.) मो. 9993010732
वात रोग- सभी प्रकार के दर्द, गठियावात, सायटिका, झुनझुनीवात, कमर दर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग, लकवा रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, फोड़ा फुंसी, कील मुहांसे, पिम्पल्स, सूजन, शीला, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर का इलाज
बवासीर - मलद्वार में मस्सा हो जाना, कभी कभी खून निकलना, कांटा चुभने जैसा दर्द, गुदा में जलन एवं खुजली होना का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक साफ न होने का इलाज

## आयोजन

**राम जानकी सेवा समिति व ग्राम पंचायत द्वारा समस्त ग्रामीणों के सहयोग से किया गया आयोजन**

# कलेक्टर-एसपी ने किया कुसुमकसा के 70 सैनिकों व उनके परिजनों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुसुमकसा

ग्राम कुसुमकसा में राम जानकी सेवा समिति, ग्राम पंचायत और समस्त ग्रामवासियों की ओर से ग्राम के 70 सैनिकों का सम्मान किया गया।

- कलेक्टर चंद्रवाल ने कहा- सैनिकों के कारण ही हम लोग सकुशल और सुरक्षित रह पाते हैं

सम्मान समारोह कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल और पुलिस अधीक्षक एसआर भगत की उपस्थिति में हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता शिवराम सिंद्रामे सरपंच कुसुमकसा ने की। वहीं, विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला पंचायत उपाध्यक्ष मिथलेश नूरेटी, जनपद सदस्य संजय बैस, पूर्व जनपद सदस्य अनिल सुथार, गौरी शंकर साहू, डॉ भूपेंद्र मिश्रा उपस्थित थे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल ने भारत माता के जयकारे के साथ अपना संबोधन शुरू करते हुए कहा कि कुसुमकसा की धरती नमन की धरती है। यह सैनिकों की धरती है। इस गांव ने इतने सैनिकों को देश की सेवा में भेजा, इसके लिए मैं इनके जज्बे और यहां की माताओं और बहनों की भावनाओं का सम्मान करता हूं। श्री चंद्रवाल ने कहा कि फौजियों का जीवन कितना कठिन होता है यह इसी बात से समझा जा सकता है कि जब हम त्यौहार मना रहे होते हैं, उस समय भी फौजी भाई अपनी ड्यूटी में लगे रहते हैं। उनके परिवार को चिंता रहती है कि वे कहां और किस हाल में होंगे। उन्होंने कहा कि सैनिकों के कारण ही हम लोग सकुशल और सुरक्षित रह पाते हैं। ऐसे वीर सपूतों की सम्मान करने के लिए आप लोगों ने जो पहल की है बहुत ही अनुकरणीय है। इतनी संख्या में देश के सैनिकों को सम्मानित किया जा रहा है, यह हमारे लिए गौरव का विषय है कि आप लोगों के कारण हमें भी सैनिकों और उनके परिवार के साथ कुछ क्षण बिताने का का अवसर मिला।





### सैनिक शब्द से ही हिम्मत और ताकत से भरा चेहरा सामने आ जाता है : भगत

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पुलिस अधीक्षक एसआर भगत ने कहा कि जिला पुलिस परिवार की ओर से जो सैनिक सेवानिवृत्त हो चुके हैं और जो वर्तमान में पदस्थ हैं, उन सभी को मैं हार्दिक बधाई देता हूं। सैनिक शब्द से ही एक विशेष चेहरा महसूस होता है। मन में उमंग, ऐश्वर्या, हिम्मत और ताकत का अभिमान प्रतीत होता है। श्री भगत ने कहा कि जब सैनिक शब्द मन में आता है, तो देश के छोर में बॉर्डर पर खड़े व्यक्ति का चित्र मन में उभर आता है। कुछ हद तक हम पुलिस वाले भी सैनिक की तरह काम करते हैं। जब हम नक्सली क्षेत्र में जाते हैं, हम सैनिकों की तरह लड़ते हैं। खाते पीते सोते जागते हम हर पल सचेत रहते हैं। यह कभी भी नहीं सोचते कि क्या होगा? उनका सबसे विश्वसनीय दोस्त है, उनकी हिम्मत, उनकी ताकत, उनका हौसला, उनका आत्म विश्वास और गोला और बारूद जो अपने साथ रखता है। वह बस इन सब में बंधकर देश और राज्य की रक्षा करता है।

### इनका हुआ सम्मान

इस अवसर पर पूर्व व वर्तमान में देश की सेवा करने वाले सैनिकों एवं उनके परिजनों को सम्मानित किया गया। इनमें स्व बैसाखूराम, स्व प्रेम दयाल स्वर्गीय अश्वनी साहू, मोहम्मद शमी कुरैशी, जगदीश शुक्ला, अशोक गवारे, प्रशांत सीहारे, टुकेश्वर साहू, कमलेश कोठारी, खेमचंद पिस्दा, उत्तम पटेल, कमलेश्वर तुमरेकी, पवन चुरेंद्र धरम सिंदरामें, नरेंद्र पिस्दा, मयंक बैस, महेंद्र कुमार शर्मा, नरेंद्र कुमार शर्मा, रिखीराम कौशिक, पूरन लाल, देवकरण रावटे, चेतन ठाकुर, नूतन कुमार खरांशु, संजय कुमार लेड़िया, जनक लाल लेड़िया, तुलेश्वर सीवना, भूपेंद्र सीवना, गोविंद नेताम, पवन रावटे, प्रेम सिंह धनकर, नसीम बोगा, देवेंद्र सिंह गोटी, देवी सिंह नेताम, मुकेश गवारे, योगेश कुमार, मुकेश कोठारी, लोकेश पोटाई, सैफ हाशमी, नीरज बैस, रूपनारायण नेताम, बालकरण, हिडको, योगेश चुरेंद्र को शॉल, श्रीफल तथा स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया।

### गौरव का क्षण

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कुसुमकसा जनपद सदस्य संजय बैस ने कहा कि यह हमारे लिए बहुत ही गौरव का क्षण है कि जब हम देश की रक्षा करने वाले उन महान सैनिकों के साथ-साथ उनको जन्म देने वाली मां, उनके पिता एवं उनके परिवार का सम्मान कर रहे हैं। इसके लिए मैं हमारे गांव के सहयोगी जिन्होंने सैनिकों के परिवार उनके नाम को मंच तक पहुंचाने में सहयोग किया, मैं सभी को बहुत-बहुत धन्यवाद देता हूं।

### युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है सैनिकों का सम्मान

जिला पंचायत उपाध्यक्ष मिथिलेश नुरुटी ने कहा कि सभी साथी यह सोच रखते हैं कि हम देश की सेवा में जाएं कुछ कर दिखाएं उनके लिए यह सैनिक सम्मान एक प्रेरणा है। उन्होंने कहा कि यह हमारे लिए बड़ी गौरव की बात है कि हमारे कुसुमकसा में इतने सैनिक निकले हैं। आभार प्रदर्शन सरपंच शिवराम सिंद्रामे ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में मंजू धनकर, नन्द किशोर पिस्दा सुरेश कोठारी, गोविन्द सिन्हा राजू सिन्हा, संतोष जैन, जावेद खान, नसीम खान, मोहन दास मानिकपुरी, गौरी शंकर साहू, पूनम सिन्हा, होमन कौशिक सहित सभी ग्रामीणों का योगदान रहा। सैनिक सम्मान समारोह के बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम रंग झांझर की प्रस्तुति दी गई। इसमें छत्तीसगढ़ के फिल्मी कलाकार सुनील तिवारी भी

**समाजसेवी राजेश कुमार ने स्कूल के लिए किया दान**

# शासकीय प्राथमिक शाला सिर्राभांठा के बच्चों को मिली झूला और फिसलपट्टी की सौगात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लाटाबोड़

गुंडरदेही ब्लॉक अंतर्गत ग्राम सिर्राभांठा निवासी समाजसेवी राजेश कुमार सिन्हा ने अपने गांव की प्राथमिक शाला के बच्चों के

- कार्यक्रम के दौरान सैनिकों, शिक्षकों व प्रतिभावान विद्यार्थियों का किया गया सम्मान

लिए सुगम सड़क, झूला फिसल पट्टी की सौगात दी है, जिसका लोकार्पण किया गया। स्वर्गीय डीहारी लाल सिन्हा एवं स्वर्गीय शिवनंदन सिन्हा के सानिध्य में राजेश कुमार सिन्हा, रानी सिन्हा, खिलावन सिन्हा शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष और धनेश्वरी सिन्हा द्वारा उक्त निर्माण कार्य करवाया गया है। श्री सिन्हा ने शासकीय प्राथमिक शाला सिर्राभांठा में दो झूला छात्रों के लिए दान किया गया। इसके लिए प्रधान पाठक दिनेश यादव एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारी नवीन यादव ने आभार जताया है। स्कूल में झूला के लोकार्पण के साथ ही लक्ष्मी कला मंच के पास सम्मान समारोह का आयोजन भी किया गया था। इस अवसर पर मुख्य अतिथि दानीराम सिन्हा एवं विशेष अतिथि वरिष्ठ नागरिक यादराम सिन्हा, टीआर क्रांत, द्वारकानाथ क्रांत तथा राजेश कुमार सिन्हा की उपस्थिति में सेवानिवृत्त कर्मचारियों और सेना के जवानों को श्रीफल, शॉल, प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। साथ ही 10वीं व 12वीं में प्रथम तथा द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों का भी सम्मान किया गया। रात्रि में गांव के बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। मंच संचालन अमृतानंद सिन्हा ने किया। कार्यक्रम के दौरान सीआईएसएफ में 23 वर्षों तक सेवा देने वाली महिला दामन साहू, 11 वर्षों तक सेना में सेवा देने के बाद शिक्षक बने चंद्रशेखर सिन्हा, हैंडपंप मैकेनिक श्रवण कुमार सिन्हा तथा पूर्व नगर सैनिक एवं शिक्षा विभाग में सेवा देने वाले लालाराम साहू को सम्मानित किया गया।





# भोथली के सरपंच सुरेश ने मरीजों को बांटे फल व कपड़े

हरिभूमि न्यूज. बालोद/निकुम



ग्राम पंचायत भोथली के सरपंच व भारतीय जनता पार्टी के सक्रिय कार्यकर्ता सुरेश साहू ने दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चन्द्राकर के जन्मदिन पर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र निकुम में पहुचकर मरीजों का स्वास्थ्य हाल जान जाना व अस्पाताल में भर्ती मरीजों को फल, बिस्किट व नवजात शिशुओं को कपड़ा भेंट किया। विधायक ललित चन्द्राकर ने मरीजों की सेवा कर एक पौधा मां के नाम पर रोपा।

वहीं, लगातार दूसरी बार ग्राम भोथली सरपंच का कार्य संभाल रहे युवा दिव्यांग सुरेश साहू ने कहा कि क्षेत्र के विधायक ललित चन्द्राकर लगातार ग्रामीणों के बीच आकर गांव व क्षेत्र के विकास के लिये कम समय में करोड़ों के विकास कार्यों की सौगात दी। सीएचसी निकुम में फल व कपड़े मिलने से मरीजों के चेहरे पर खुशी बिखर गई। बता दें कि सुरेश साहू दीपावली भी वृध्दाश्रम में जाकर सेवा कर मनाते हैं।

# गायत्री परिवार ने किया दीप यज्ञ





**गुरूर।** डॉ हरिकृष्ण गंजीर के निवास पर गायत्री परिवार द्वारा दीप यज्ञ का आयोजन किया गया। मुख्य यजमान डॉ हरिकृष्ण गंजीर, रेणुका गंजीर थे। कार्यक्रम में दीपयज्ञ का संचालन उषा गंजीर एवं राजकुमारी गंजीर ने किया। उषा गंजीर द्वारा साधना अनुष्ठान का महत्व एवं उनसे होने वाले मानसिक, शारीरिक आर्थिक एवं आध्यात्मिक लाभ के बारे पूर्ण जानकारी दी गई। राजकुमारी गंजीर ने भाई दूज त्यौहार के बारे में भाई और बहन के प्यार की महत्ता को बताते हुए भी पूरी विस्तार पूरा जानकारी दी। इस अवसर पर अजीत राम गंजीर सोनसीर गंजीर, रामसहाय गंजीर श्याम बाई गंजीर डॉ डीएल गंजीर, ऊषा गंजीर, डॉ पवन गंजीर, राजकुमारी गंजीर, चिनेश्वर गंजीर, डॉ डोमेन्द कुमार गंजीर सहित परिवार के सभी लोग उपस्थित थे।

### टेंडर में गड़बड़ी का आरोप कलेक्टर से की गई शिकायत

**बालोद।** छत्तीसगढ़ शिवसेना के बालोद जिला अध्यक्ष विजय पारख ने पीडब्लूडी टेण्डर फार्म देने में गड़बड़ी, धांधली एवं रेट सेक्शन के संबंध में कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में कहा गया है कि पीडब्लूडी विभाग द्वारा टेण्डर क्रमांक 5428/एनईटी 6/2024–25 दिनांक 23.10.2024 फार्म को देने मे बड़ी गड़बड़ी की गई, जबकि टेण्डर फार्म के कंडिशन में सिर्फ पीडब्लूडी रजिस्ट्रेशन एवं जीएसटी रजिस्ट्रेशन एवं पेन कार्ड के आधार पर भुगतान होता है, वैसे ही टेण्डर फार्म देना चाहिए, लेकिन विभाग के कुछ लोगों द्वारा मिली भगत कर शर्तें लगाकर कुछ लोगों को लाभ पहुंचाने की कोशिश की जा रही है। जबकि टेण्डरों में बिलो दर पर लगभग 20 से 30 प्रतिशत के बीच चल रहा है, लेकिन पीडब्लूडी में 2 से 5 प्रतिशत में टेण्डर स्वीकृत हो रहे हैं, यह जांच का विषय है। बिलो दर पर जाने से शासन की राशि की बचत होगी जो कि जनहित योग्य है। इसलिए निविदा के संबंध में उचित निर्णय लें, ताकि शासकीय राशि का दुरूपयोग न हो और जांच कराकर पुनः निविदा आमंत्रित की जाए।

# ईर्ष्या से दूर रहें, समानता और करुणा के भाव रखें

## संत ऋषभ सागरजी म सा ने बताई जीवन जीने की कला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जीवन एक लीला भी है और एक लड़ाई भी। यदि हमें जीवन एक लड़ाई लग रही है, तो समझना हमें जीवन जीने की कला नहीं आई। श्री कृष्ण के लिए जो जीवन लीला थी, वही कंस के लिए लड़ाई। पांडवों ने अभाव में भी शांति से जीवन जिया, वहीं कौरवों ने सब कुछ होते हुए भी अशांति का जीवन जिया।

उक्ताशय के विचार संत ऋषभ सागरजी म सा ने अपने प्रवचन श्रृंखला को आगे बढ़ाते हुए कही। उन्होंने कहा कि जीवन में चार तरह के लोगों के संपर्क में हम आते हैं। उनके प्रति हमारा व्यवहार कैसा हो, यदि हम यह कला सीख जाएं, तो



जीवन सरल और तनाव मुक्त हो सकता है। पहले क्रम में वो आते हैं जो हमसे आगे हैं। ऐसे लोगों के प्रति बहुमान के भाव, सम्मान के भाव हमारे अंदर आये, यही ऊंचे भाव हमें ऊंचाई की ओर ले जाते हैं। दूसरे क्रम में वे आते हैं, जो हमारी बराबरी के हैं। इनकी तरक्की को देखकर कभी ईर्ष्या के भाव या उनके अहित के भाव न आये। तीसरे क्रम में हमसे नीचे के लोग आते हैं। इनके प्रति कभी तिरस्कार या निम्नता के भाव न आये और चौथे क्रम में आते हैं, हमसे विपरीत विचारों वाले, इनके प्रति कभी घृणा और द्वेष के भाव न आएं। ये नकारात्मक भाव ही हमारे अंदर के गुणों को कम करते हैं और जीवन में अशान्ति लाते हैं।

हमेशा इस बात का ध्यान रखें कि लड़ाई में आनंद घटता है, हम अपनी सारी ऊर्जा व्यर्थ की बातों में लगा देते हैं। हमेशा गुणों का सम्मान करें। ईर्ष्या भाव से दूर रहें, समानता और करुणा के भाव रखें। परमात्मा ने यही जीवन जीने की कला बताई है।

**आयोजन समिति के सदस्यों व ग्रामीणों ने की छत्तीसगढ़ महतारी की महाआरती**

# बड़भूम में धूमधाम से मनाया गया राज्योत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

वनांचल ग्राम बड़भूम में अधिकारी-कर्मचारी संघ एवं नवयुवक मंडल द्वारा समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस राज्योत्सव के रूप में गौरा चौक में मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत छत्तीसगढ़ महतारी की महाआरती के साथ की गई। इसमें ग्राम के सभी घर से महिलाएं एक एक दीप लेकर पहुंचीं। नवयुवक मंडल सदस्यों ने छत्तीसगढ़ का विशाल नक्शा तैयार किया।

कार्यक्रम में रस्सा खींच, मटका फोड़, कुर्सी दौड़ जैसे पारंपरिक खेलकूद का आयोजन किया गया, जिसमें ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर पंचायत स्तरीय रिकॉर्डिंग डांस प्रतियोगिता का आयोजन कर्मचारी समिति एवं नवयुवक मंडल द्वारा आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में सर्वप्रथम पूजा अर्चना कर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी वृद्धा सम्मान समारोह किया गया। नवनियुक्त नवयुवक मंडल के पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण एवं सम्मान भी हुआ।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अध्यक्ष अधिकारी कर्मचारी संघ के एचके.कुंजाम थे, अध्यक्षता दुर्जू राम तारम ने की। विशेष अथिति एमडी ठाकुर, साधुराम कुरैटी, सखाराम कुरैटी, श्याम लाल नेताम, नारायण कुरैटी, भानुराम गोटी, राजेंद्र गोटी, अरुण सलाम, हरक मंडावी, मनोज कुरैटी, उदय सोरी, संतोष कुंजाम, रामेश्वर तारम, परमेश्वर कुरैटी, चंद्रप्रकाश कुरैटी, जगदेव कुंजाम, डोमेद कुरैटी, प्रेम कुंजाम, प्रदीप कुमार, बलराम जूरी थे।



कार्यक्रम में नवयुवक मंडल के अध्यक्ष रिमेंद्र कुंजाम, तरुण मंडावी, पिंटू कुंजाम, रामनारायण उइके, दुष्यन्त उइके, शीतेश्वर हिड़को, रामाधार कुंजाम, जैल सिंह उइके, लिकेद्र मंडावी, संदीप यादव सहित सभी ग्रामवासी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन शिवम कुरैटी ने किया।

### इन्होंने मारी बाजी, जीते पुरस्कार

रिकार्डिंग डांस प्रतियोगिता के तहत सामूहिक नृत्य में प्रथम रानी एवं साथी, द्वितीय अंकिता एवं साथी, तृतीय निकिता एवं साथी रहे। युगल नृत्य में प्रथम ओजस्वी व ललिता, द्वितीय शीतल एवं साथी, तृतीय मनीष एवं साथी, एकल नृत्य में प्रथम त्रिवेणी उइके, द्वितीय मोनिका निषाद एवं तृतीय संगीता उइके रही। सभी विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया।



रिजर्वेशन कोच (11 दिन)
27 नवंबर से 07 दिसंबर 2024
08 जनवरी से 18 जनवरी 2025
19 फरवरी से 01 मार्च 2025
7 ज्योतिर्लिंग यात्रा
श्री द्वारिकाधीश, श्री द्वारिकाभेंट, श्री शिरडी सांई बाबा, श्री शनि सिंघनापुर, भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग, घृनेश्वर ज्योतिर्लिंग, त्रयंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग, नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग. ओंकालेश्वर ज्योतिर्लिंग. सोमनाथ ज्योतिर्लिंग
राशिः-स्लीपर-16500/-, 3 एसी- 25,500/-, 2 एसी- 30,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411